<u>प्रकाशनार्थ</u>

गोरखपुर, 16 दिसम्बर। निःशुल्क नेत्र परीक्षण शिविर का आयोजन दिसम्बर,2017 माह का तारीख 17, 24, 31 एवं जनवरी, 2018 माह का तारीख 07, 21, 28 एवं फरवरी, 2018 माह का तारीख 04, 11, 18, 25 एवं मार्च, 2018 माह का तारीख 04, 11, 18, 25 के रविवार को प्रातः 08.00 बजे से दोपहर 01.00 तक गुरू श्री गोरक्षनाथ चिकित्सालय परिसर, गोरखनाथ, गोरखपुर में किया गया है।

उक्त जानकारी गुरू श्री गोरक्षनाथ चिकित्सालय के **निदेशक ब्रिगेडियर (डॉ0) के0पी0बी0सिंह** ने दी। उन्होंने कहा कि इस नेत्र परीक्षण शिविर में नेत्र की बीमारी जैसे मोतियाबिन्द, समलबाई, नासूर, नाखून, पर्दे की बीमारी, डायबिटीज की निःशुल्क जॉच की जायेगी एवं दवा वितरित होगा। मोतियाबिन्द के मरीजों को चिन्हित कर आपरेशन के पूर्व जॉचकर तारीख दी जायेगी। मोतियाबिन्द का आपरेशन बिना टांका विधि से इन्ट्राआक्यूलर लेन्स (आई.ओ.एल.) लगाकर चिकित्सालय में किया जायेगा। जो भी व्यक्ति इस निःशुल्क नेत्र परीक्षण शिविर का लाभ उठाना चाहता है, वह गुरू श्री गोरक्षनाथ चिकित्सालय परिसर में प्रातः 8.00 बजे उपस्थित होकर इस निःशुल्क नेत्र परीक्षण शिविर का लाभ उठा सकता है।